# पाठ 2

# कान-कान में

---

**स्मरणीय तथ्य :**

- वैसे जानवर जिसके कान नहीं दिखाई देते अंडे देते हैं।
- वैसे जानवर जिसके कान दिखाई देते हैं बच्चे देते हैं।

**एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 11)**

**मेरे कान किसके पास हैं?**

**प्रश्न 1.** क्या ये चित्र अजीब लग रहे हैं? चित्र बनाने वाले ने जानवरों के कान उलट-पुलट कर दिये हैं। कान को सही जानवर के साथ जोड़ो। नीचे लिखो, किस जानवर के सिर पर किसके कान हैं।



| जानवर | कान | जानवर | कान |
|---|---|---|---|
| हाथी | चूहा | कुत्ता | ............... |
| खरगोश | ............. | भैंस | ............. |
| चूहा | ................... | हिरन | .................. |
| जिराफ़ | ................... | | |

**उत्तर:**

| जानवर | कान | जानवर | कान |
|---|---|---|---|
| हाथी | चूहा | कुत्ता | खरगोश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरगोश | जिराफ़ | भैंस | हिरन |
| चूहा | कुत्ता | हिरन | भैंस |
| जिराफ़ | हाथी | | |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 12)

**प्रश्न 1.** अलग-अलग जानवरों के काने अलग-अलग तरह के होते हैं। सूची में दिये गये जानवरों में से किन के कान तुम बाहर से देख पाते हो और किनके नहीं? उनके नाम तालिका में लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हिरन | मेंढ़क | मछली | चींटी | कौआ |
| चीता | चिड़िया | भैंस | साँप | छिपकली |
| सूअर | बत्तख | जिराफ़ | हाथी | बिल्ली |

**उत्तर:**

| जानवर जिनके कान बाहर दिखाई देते हैं। | जानवर जिनके कान बाहर दिखाई नहीं देते हैं। |
|---|---|
| हिरन | मेंढ़क |
| चीता | चिड़िया |
| सूअर | बत्तख |
| भैंस | मछली |
| जिराफ | चींटी |
| हाथी | साँप |
| बिल्ली | कौआ |
| | छिपकली |

**प्रश्न 2.** तुम्हें क्या लगता है-जिन जानवरों के कान बाहर दिखाई नहीं देते, उनके कान होते भी हैं या नहीं?

**उत्तर:** जिन जानवरों के कान दिखाई नहीं देते उनके कान छुपे हुए होते हैं।

**आओ पता करें**



**प्रश्न 1.** पहले ऊपर दिये चित्रों को देखो। पहचान कर लिखो, ये जानवर कौन-कौन से हैं।

**उत्तर:** ऊपर चित्र में दिये गये जानवरों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं-मुर्गी, गोरैया, तोता, बत्तख तथा कौवा ।

**प्रश्न 2.** क्या तुम्हें इन जानवरों के कान दिखाई दे रहे हैं?

**उत्तर:** नहीं, इन जानवरों के कान नहीं दिखाई दे रहे हैं।

**प्रश्न 3.** ऐसे कुछ जानवरों के बारे में पता करो, जिनके कान बाहर दिखाई नहीं देते। उनके नाम लिखो।

**उत्तर:** मछली, हंस, मक्खी, मच्छर, इत्यादि।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 13)

### पढ़ो और लिखो

**प्रश्न 1.** ऐसे जानवरों के नाम लिखो जिनके कान हों

(क) पंखे जैसे

**उत्तर:** हाथी।

(ख) पत्ते जैसे

**उत्तर:** खरगोश।

(ग) सिर के ऊपर

**उत्तर:** हिरन।।

(घ) सिर के दोनों तरफ

**उत्तर:** भैंस।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 14)

### किसकी त्वचा

**प्रश्न 1.** चित्र में कुछ जानवर एवं उनकी खाल बनी हैं। हर जानवर का उसकी अपनी खाल से मिलान करो। जानवरों के चित्रों में उनके शरीर पर खाल के डिज़ायन भी बनाओ।

**उत्तर:**





## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 15)

**प्रश्न 1.** नीचे कुछ जानवरों के नाम लिखे हैं। इनमें से कुछ को तुमने शायद देखा भी हो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| लोमड़ी | हाथी | चिड़िया | कबूतर |
| मेंढ़क | कौआ | मोर | सूअर |
| चूहा | बिल्ली | भैंस | बत्तख |
| मुर्गी | ऊँट | छिपकली | गाय |

इस सूची में, सही जानवर के नाम छाँटकर लिखो, जिनके

**उत्तर:**

| कान बाहर दिखाई देते हैं। | खाल पर बाल हैं। | कान बाहर दिखाई नहीं देते | खाल पर पंख हैं। |
|---|---|---|---|
| हाथी | लोमड़ी | मुर्गी | मुर्गी |
| लोमड़ी | हाथी | कौआ | सूअर |
| सूअर | सूअर | चिड़िया | चिड़िया |
| चूहा | चूहा | मोर | मोर |
| बिल्ली | बिल्ली | छिपकली | कबूतरे |
| भैंस | भैंस | कबूतरे | बत्तख |
| ऊँट | ऊँट | बत्तख | |
| गाय | गाय | मेंढ़क | |

**प्रश्न 2.** तुमने भैंस और गाय को कौन-कौन सी सूची में डाला है?

**उत्तर:** मैंने भैंस और गाय को "कान बाहर दिखाई देने वाले" तथा "खाल पर बाल हैं' वाली सूची में डाला है।

**प्रश्न 3.** दूर से देखने पर क्या इनकी खाल पर बाल दिखते हैं?

**उत्तर:** दूर से देखने पर इनकी खाल पर बाल दिखाई नहीं देते हैं।

**प्रश्न 4.** अगर हो सके तो पास से देखो। क्या खाल पर बाल दिखाई दिये?

**उत्तर:** पास जाकर देखने पर इनके खाल पर बाल दिखाई देते हैं।

**प्रश्न 5.** अगर हाथी मिल जाये तो क्या तुम्हें उसकी खाल पर हाथ फेरने की हिम्मत होगी?

**उत्तर:** नहीं।

**प्रश्न 6.** क्या तुम जानते हो कि हाथी की खाल पर भी बाल होते हैं?

**उत्तर:** हाँ, मैं जानता हूँ कि हाथी की खाल पर भी बाल होते हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 16)

**प्रश्न 1.** पता लगाओ, इनमें से कौन से जानवर अंडे देते हैं। अंडे देने वाले जानवरों के नाम हरे बॉक्स में लिखें। बच्चे देने वाले जानवरों के नाम लाल बॉक्स में लिखो।

**उत्तर:**

| जानवर जो अण्डे देते हैं | |
|---|---|
| मेंढ़क | साँप |
| मछली | छिपकली |
| चींटी | बत्तख |
| कौवा | गोरैया |

| जानवर जो बच्चे देते हैं | |
|---|---|
| हिरन | हाथी |
| भैंस | बिल्ली |
| सूअर | जिराफ़ |
| चीता | गाय |

**प्रश्न 2.** अब हरे बॉक्स में लिखे गये जानवरों के नामों को पिछली तालिका में ढूँढ़ो और उनके नीचे रेखा खींचो। उसी तालिका में लाल बॉक्स के जानवरों के नामों को गोला लगाओ।

**उत्तर:**

| कान बाहर दिखाई देते हैं | खाल पर बाल हैं | कान बाहर दिखाई नहीं देते | खाल पर पंख हैं |
|---|---|---|---|
| हाथी | लोमड़ी | मुर्गी | मुर्गी |
| लोमड़ी | हाथी | कौआ, | कौआ |
| सूअर | सूअर | चिड़िया | चिड़िया |
| चूहा | चूहा | मोर | मोर |
| बिल्ली | बिल्ली | छिपकली | कबूतर |
| भैंस | भैंस | कबूतर | बत्तख |
| ऊँट | ऊँट | बत्तख | |
| गाय | गाय | मेंढ़क | |

**प्रश्न 3.** तो क्या देखा तुमने?

**उत्तर:** जिन जानवरों के कान दिखाई देते हैं तथा शरीर पर बाल होते हैं, वे बच्चे देते हैं। जिन जानवरों के कान बाहर दिखाई नहीं देते हैं, उनके शरीर पर बाल नहीं होते हैं, वे अण्डे देते हैं।

### एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 17)

**प्रश्न 1.** क्या तुमने अपने घर में या आस पास ऐसे जानवर को देखा है, जिसने बच्चे दिये हैं? उनके नाम अपनी कॉपी में लिखो।

**उत्तर:** कुत्ता, सूअर, चूहा, बिल्ली इत्यादि।

**प्रश्न 2.** क्या तुम्हारे घर में या आस-पास किसी ने जानवर को पाला है?

**उत्तर:** हाँ। मेरे पास एक पालतू कुत्ता तथा तोता है।

**प्रश्न 3.** किसी एक पालतू जानवर के बारे में कुछ बातें पता करो
वह कौन सा जानवर है?

**उत्तर:** वह एक कुत्ता तथा एक तोता है।

**प्रश्न 4.** क्या उसका कोई नाम है? उसका नाम लिखो।

**उत्तर:** हाँ, उसका नाम है। कुत्ते का नाम टॉमी तथा तोते का नाम मिट्ठ है।

**प्रश्न 5.** उस जानवर का नाम किसने रखा?

**उत्तर:** उनके नाम मैंने रखे हैं।

**प्रश्न 6.** उसे क्या-क्या खाना पसंद है?

**उत्तर:** कुत्ता को मीट, मछली, चावल, रोटी तथा तोता को हरी मिर्च तथा भीगे चने खाना पसंद है।

**प्रश्न 7.** उसे दिन में कितनी बार खाना देते हैं?

**उत्तर:** उसे दिन में दो बार खाना देते हैं।

**प्रश्न 8.** उसके सोने का समय क्या है? वह कितनी देर सोता है?

**उत्तर:** कुत्ता प्रायः दिन में 5 से 6 घंटे सोता है तथा तोता रात में लगभग 8 घंटे सोता है।

**प्रश्न 9.** क्या उसका खास तरह से ध्यान रखा जाता है? कैसे?

**उत्तर:** हाँ, उसका खास तरह से ध्यान रखा जाता है। जैसे-मैं उसे रोज नहलाता हूँ तथा उसे साफ रखता हूँ।

**प्रश्न 10.** क्या उसे गुस्सा आता है? कब? तुम्हें कैसे पता चलता है कि वह गुस्सा है?

**उत्तर:** हाँ, उसे गुस्सा आता है। जब वह अनजान व्यक्तियों को देखता है। गुस्सा आने पर वह जोर-जोर से भेंकने लगता

**प्रश्न 11.** उसके शरीर पर बाल हैं या पंख?

**उत्तर:** कुत्ते के शरीर पर बाल हैं तथा तोते के शरीर पर पंख।।

**प्रश्न 12.** उसके कान दिखाई देते हैं या नहीं?

**उत्तर:** कुत्ते के कान दिखाई देते हैं। तोते के कान दिखाई नहीं देते हैं।

**प्रश्न 13.** क्या वह बच्चा है या बड़ा?

**उत्तर:** दोनों बड़े हैं।

**प्रश्न 14.** वह जानवर बच्चे देता है या अंडे?


**उत्तर:** कुत्ता बच्चा देता है तथा तोता अण्डे।

**प्रश्न 15.** क्या उसके बच्चे हैं?

**उत्तर:** नहीं।

**प्रश्न 16.** उस जानवर का चित्र बनाओ और उसमें रंग भरो। उसका अपनी पसंद से प्यारा-सा नाम रखो।

**उत्तर:**







कुत्ते का नाम-टॉमी।
तोते का नाम-मिट्टू।

### एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 19)

**प्रश्न 1.** इस चित्र के जिन भागों में सम संख्याएँ (2, 4, 6, 8, ...) लिखी हैं, उनमें रंग भरो। रंग भरने के बाद क्या उभरकर आया? पहचानो और उस जानवर का नाम लिखो।

**उत्तर:** यह एक डायनॉसोर है।




**प्रश्न 2.** क्या तुमने इससे मिलता-जुलता कोई जानवर कहीं देखा है? उसका नाम पता करो और लिखो।

**उत्तर:** इससे मिलता जुलता जानवर छिपकली है, परन्तु वह डायनॉसोर के मुकाबले बहुत छोटी है। वैसे दरयाई घोड़ा भी डायनॉसोर से मिलता-जुलता जानवर है। दरयाई घोड़ा पानी में रहता है। छिपकली हमारे घरों में रहती है। छिपकली . के कान दिखाई नहीं देते। यह अण्डे देती है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 20)

**प्रश्न 1.** इस जानवर को देखो। इसका नाम लिखो। क्या तुम जानते हो, यह हमारा राष्ट्रीय पशु



**उत्तर:** यह बाघ है। हाँ, मैं जानता हूँ कि यह हमारा राष्ट्रीय पशु है।

**प्रश्न 2.** यह कहाँ रहता है?

**उत्तर:** यह घने जंगलों में रहता है।

**प्रश्न 3.** दुनिया में इस जानवर की संख्या कम होती जा रही है। चर्चा करो, क्यों?

**उत्तर:** शिकारियों तथा जंगलों के काटे जाने के कारण दुनिया में इस जानवर की संख्या कम होती जा रही है। शिकारी इन्हें मारकर इसके खाल को बेच देते हैं। जंगलों के कम होने से इनका प्राकृतिक घर नष्ट हो रहा है। सरकार इसके लिए कारगर कदम उठा रही है।